513(E)
21/01/2026

## पथ निर्माण विभाग

## दिनांक 21/01/26 को सम्पन्न विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

पथ प्रमंडल, बेतिया के अन्तर्गत Widening and Strengthening work of Bagha-Semra Road from Ch.-0.00 to 14.00 (Total Length 14.00 km) including 1 Nos (2x16m) H.L. Bridge for the year 2025-26 की निविदा के तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद, जिस पर तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा प्राप्त है, पर अनुमोदन हेतु विभागीय निविदा समिति की बैठक की कार्यवाही।

**उपस्थिति:**

(i) श्री पंकज कुमार पाल, सचिव, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(ii) श्री उमाकान्त रजक, अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iii) श्री अनिल कुमार सिंह, मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

(iv) श्री मजीद अहमद, आन्तरिक वित्तीय सलाहकार, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

2. दिनांक–27.09.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही जो उपभागीय ज्ञापांक–3142, दिनांक–27.09.2025 द्वारा संसूचित है में लिये गये निर्णय के विरूद्ध प्राप्त परिवाद पर मुख्य अभियंता, उत्तर के पत्रांक–3910(अनु0) दिनांक–30.12.2025 के माध्यम से परिवाद पर दिनांक–30.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा के आधार पर विवरणी निम्नवत् है :–

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2.1 | कार्य का नाम | : | Widening and Strengthening work of Bagha-Semra Road from Ch.-0.00 to 14.00 (Total Length 14.00 km) including 1 Nos (2x16m) H.L. Bridge for the year 2025-26 |
| 2.2 | योजना मद | : | 5054 |
| 2.3 | निविदा आमंत्रित करने वाले प्रमंडल का नाम | : | पथ प्रमंडल, बेतिया। |
| 2.4 | प्रशासनिक स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹6450.33 लाख।<br>विभागीय पत्रांक–6361 (S) दिनांक–17.07.2025 |
| 2.5 | तकनीकी स्वीकृति की राशि एवं प्रसंग | : | ₹6725.71 लाख।<br>मुख्य अभियंता, केन्द्रीय निरूपण संगठन, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–521 (अनु०) दिनांक–04.09.2025 |
| 2.6 | परिमाण विपत्र की राशि | : | ₹ 6441.31032 लाख। |
| 2.7 | कार्य समाप्ति की अवधि | : | 18 (Eighteen) Months |
| 2.8 | निविदा की प्रक्रिया | : | ई–टेंडरिंग (SBD) |
| 2.9 | निविदा प्राप्ति की तिथि | : | 16.09.2025 |

3. विषयांकित निविदा में निम्नलिखित 06 (छः) संवेदकों द्वारा भाग लिया गया :–

(1) A M Infratech
(2) M/s Ujjain Engicon India Private Limited
(3) Aditya Enterprises
(4) M/s Chanakya Technos Private Limited
(5) RKS Engicon Pvt. Ltd.- Jai Mata Di & Maa Sita Construction (JV)
(6) M/s C K Infrastructures Limited

4. उपभागीय ज्ञापांक–3142 दिनांक–27.09.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–27.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में उक्त निविदा में छः निविदाकारों में चार निविदाकार यथा (1) A M Infratech (2) M/s Ujjain Engicon India Private Limited (3) Aditya Enterprises एवं (4) M/s Chanakya Technos Private Limited को तकनीकी बीड में सफल एवं शेष दो निविदाकार यथा (1) R K S Engicon Pvt. Ltd.- Jai Mata Di & Maa Sita Construction (JV) को विभागीय पत्रांक–8131(S)we दिनांक–24.07.2012 के कंडिका–5.2 के आलोक में एवं (2) M/s C K Infrastructures Limited को NIT के क्रमांक–14(a), 25 एवं SBD के ITB CL.-4.5 A (c) के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित किया गया।

विभागीय निदेश के अनुसार दो कार्य दिवस में इस निविदा में शामिल किसी निविदाकार का परिवाद/आपत्ति प्राप्त होने पर सक्षम स्तर से परिवाद निष्पादन के उपरांत ही वित्तीय बीड खोलने हेतु निदेश दिया गया।

5. उपभागीय ज्ञापांक–3142 दिनांक–27.09.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–27.09.2025 को सम्पन्न उपभागीय तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय के संदर्भ में विषयांकित कार्य का निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा M/s Ujjain Engicon India Private Limited के पत्रांक–UEIPL/RCD/2025/324 दिनांक–29.09.2025 एवं पत्रांक–UEIPL/RCD/2025/327 दिनांक–04.10.2025 द्वारा निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों यथा (1) A M Infratech एवं (2) M/s Chanakya Technos Private Limited के विरूद्ध परिवाद/अभ्यावेदन/आपत्ति समर्पित किये जाने के परिपेक्ष्य में मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3910(अनु०) दिनांक–30.12.2025 द्वारा तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की कार्यवाही एवं अनुशंसा समर्पित की गई।

6. तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के उक्त निर्णय के विरूद्ध तकनीकी बीड में सफल निविदाकार M/s Ujjain Engicon India Private Limited. के पत्रांक–UEIPL/RCD/2025/324 दिनांक–29.09.2025 एवं पत्रांक–UEIPL/RCD/2025/327 दिनांक–04.10.2025 द्वारा तकनीकी बीड में सफल दो निविदाकार A M Infratech एवं M/s Chanakya Technos Private Limited के विरूद्ध परिवाद समर्पित किया गया है।

परिवाद की समीक्षा :–

| परिवाद | | समीक्षा |
|---|---|---|
| 1. | M/s Ujjain Engicon India Private Limited. द्वारा प्राप्त परिवाद :– दिनांक–29.09.2025<br>(a) (i) A M Infratech के विरूद्ध परिवाद<br>प्रथम निविदाकार A M Infratech के पास सदृश्य कार्य (Similar nature of work) को पूर्ण करने का अनुभव नहीं है, इनके द्वारा पथ निर्माण विभाग बिहार सरकार के अन्य निविदाओं में सदृश्य कार्य पूर्ण करने का एकमात्र प्रमाण पत्र अपलोड किया गया था, जो IRQP Work का है। मुझे पूर्ण विश्वास है कि इस निविदा में भी उनके द्वारा सदृश्य कार्यपूर्ण करने का एकमात्र प्रमाण– पत्र IRQP Work का ही समर्पित किया गया होगा। उनके द्वारा निविदा के शर्तो तथा ITB Cl-4.5 (A) (b) के अनुरूप सभी मुख्य मदों का निष्पादन (उनके द्वारा समर्पित सदृश्य कार्य पूर्ण करने के अनुभव प्रमण–पत्र में) नहीं किया गया है। SBD ITB-Cl-4.5 (A) (b) में स्पष्ट उल्लिखित है कि Satisfactorily completed as a prime contractor (or as a nominated subcontractor, where the subcontract involved execution of all main items of work described in the bid document, provided further that all other qualification criteria are satisfied) at least one similar work of value not less than amount indicated in Appendix (usually not less than 10% (twenty five percent) of estimated value of contract), तथा SBD Section 2 Qualification Information के कंडिका 1.3.1 में भी इसका स्पष्ट उल्लेख है कि Work performed as prime contractor, work performed in the past as a | परिवाद के समीक्षोपरांत पाया गया कि निविदित कार्य चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण कार्य है, अर्थात् पथ के नव निर्माण से संबंधित कार्य है, जिसमें Sub Base/Base कार्य (GSB/WMM) सम्मिलित है। A M Infratech द्वारा कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमण्डल, गढ़वा के पत्रांक–504 दिनांक–08.03.2025 द्वारा निर्गत "Improvement of Riding Quality work of Chiniya- Ranpura- Khuthuwa More Road (Total Length-32.925 km) under Road division, Garhwa" कार्य का अनुभव प्रमाण पत्र निविदा के साथ संलग्न किया गया है। यह कार्य IRQP कार्य है, जिसमें SubBase/ Base कार्य (GSB/WMM) सम्मिलित नहीं है। अतः यह कार्य निविदित कार्य के समरूप नहीं है। फलस्वरूप A M Infratech द्वारा संपादित उक्त IRQP कार्य इस निविदा में SBD के ITB Cl.- 4.5 A (b) के तहत् Similar nature of work के रूप में मान्य नहीं है। SBD के ITB Cl.- 4.5 A (b) के आलोक में इस अनुभव प्रमाण–पत्र के अतिरिक्त दूसरा कोई भी Similar Nature work का अनुभव प्रमाण–पत्र इन्होंने निविदा में संलग्न नहीं किया है।<br><br>अतः परिवाद का यह बिन्दु मान्य है। |

| | | |
|---|---|---|
| | nominated sub-contractor will also be considered provided the sun-contract involved execution of all main items of work described in the bid document, provided further that all other qualification criteria are satisfied (in the same name) on work of a similar nature का कोई ऐसा प्रमाण– पत्र नहीं है जिसमें सभी main Item यथा Earthwork, GSB/WMM, BM/DGBM/ BC/SDBC, PCC/RCC Pile work 1000/1200 dia आदि सम्मिलित हो एवं उक्त कार्य को पूर्ण करने का अनुभव हो। | |
| | (a) (ii) निविदाकार A M Infratech के द्वारा निविदा में समर्पित Investment of minimum 25% case के शपथपत्र की प्रविष्टियाँ बिहार, सरकार निबंधन, उत्पाद एवं मद्य निषेध विभाग अधिसूचना संख्या सह पठित ज्ञापांक–1026 दिनांक–15.02.2013 के अनुरूप उचित स्टाम्प डयूटी (रू0 100/–) पर नहीं है। इनके द्वारा रू0 50/– के स्टाम्प डयूटी पर शपथपत्र की प्रतिष्टियाँ की गयी है जो मान्य नहीं है। अतः A M Infratech द्वारा समर्पित Investment of minimum 25% cash का शपथ पत्र गहनतापूर्वक जाँच होना चाहिए। | SBD के ITBCl.4.3 (h) के तहत निविदाकार को Minimum 25% of Contract Value कार्य में Invest द्वारा करने संबंधी Undertaking समर्पित करना है। इस निविदा में शपथ पत्र Rs. 100/- के Stamp पर देने की अनिवार्यता नहीं है। A M Infratech द्वारा कार्य में 25% Invest करने संबंधी Notarised शपथ पत्र निविदा के साथ संलग्न किया गया है। अतः ये SBD के ITB के Cl 4.3 (h) की अर्हता को पूर्ण करते है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |
| | (b) (i) <u>M/s Chanakya Technos Private Limited के विरूद्ध परिवादः–</u><br>निविदाकार M/s Chanakya Technos Private Limited द्वारा Power of Attorney अपलोड किया गया है जिस पर NIT क्रमांक 25 के अनुसार रू0 25/– का अधिवक्ता कल्याण कोष का स्टाम्प भी नहीं लगा है। सुलभ प्रसंग हेतु विभागीय निविदा समिति के ज्ञापांक–6007(E) दिनांक–04.09.2025 की प्रति संलग्न। | इस निविदा में NIT के क्रमांक–26 में Rs. 1000/-के Stamp पर Power of Attorney संलग्न करने का प्रावधान अंकित है। इस निविदा में Power of Attorney के लिए Rs. 25/- का Advocate Welfare Stamp संलग्न करने का शर्त्त नहीं है।<br>M/s Chanakya Technos Private Limited द्वारा Rs. 1000/- के Stamp पर Power of Attorney संलग्न किया गया है जो NIT के |

| | | |
|---|---|---|
| | | क्रमांक–26 के आलोक में मान्य है। अतः परिवाद का यह बिन्दु अमान्य है। |
| | (b) (ii) निविदाकार M/s Chanakya Technos Private Limited के द्वारा, कार्य का नाम– Improvement and upgradation of NH-727A from km 88.670 (Rampur Bujurg) UP Border to km 92.992 (Mairwa) Siwan for the year 2024-25 on EPC Mode, की निविदा दी गई थी। उपरोक्त कार्य का वित्तीय बीड कार्यपालक अभियंता, राष्ट्रीय उच्च पथ प्रमण्डल, छपरा के द्वारा खाले जाने के बाद इनकी L 1 भी घोषित किया गया है। हालांकि उक्त कार्य की निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि–13.08.2025 थी। अतः यह जाँच का विषय है कि इनके द्वारा उपरोक्त कार्य का जिक्र Bid Already Submitted में है या नहीं।<br><br>उपर्युक्त सभी बिन्दुओं से स्पष्ट होता है कि निविदाकार A M Infratech एवं M/s Chanakya Technos Private Limited निविदा के शर्तों के अनुरूप अर्हत्ता पूर्ण नहीं करते है।<br><br>अतः तकनीकी बीड समिति से निवेदन है उपरोक्त वर्णित सभी बिन्दुओं पर गहनता से जाँच के बाद ही वित्तीय बीड खोलने की कृपा किया जाय। | इस परिवाद के संबंध में जाँचोपरांत पाया गया कि M/s Chanakya Technos Private Limited के द्वारा राष्ट्रीय उच्च पथ (उत्तर उपभाग) पथ निर्माण विभाग पटना अन्तर्गत निविदा में भाग लिया गया है। इस निविदा की प्राप्ति की तिथि 12.08.2025 है। इस निविदा का निष्पादन M/s Chanakya Technos Private Limited के पक्ष में विभाग द्वारा दिनांक– 05.10.2025 को किया गया है।<br><br>अतः स्पष्ट है कि प्रस्तुत निविदा की प्राप्ति की अंतिम तिथि दिनांक–26.09.2025 को इनके द्वारा राष्ट्रीय उच्च पथ अंतर्गत उक्त निविदा में भाग लिया गया था परन्तु इस कार्य को इन्होंने Bid Already Submitted में नहीं दर्शाया है। इस प्रकार इन्के द्वारा निविदा में गलत सूचना अंकित की गई है। परिवाद का यह बिन्दु मान्य है। |
| 2. | (i) <u>M/s Ujjain Engicon India Private Limited. द्वारा A M Infratech के विरूद्ध समर्पित परिवादः– दिनांक–04.10.2025</u><br><br>निविदाकार A M Infratech के द्वारा SBD Section 2 Qualification Information के कंडिका 1.4 (A) Existing Commitments and on-going works के साक्ष्य के रूप में कोई भी Official Documents अपलोड नहीं किया गया है। जिससे यह प्रमाणित हो कि इनका Existing Commitments एवं on-going | विभागीय पत्रांक 6158 (S) दिनांक– 09.07. 2014 के आलोक में Bid Capacity द्वितीय प्रक्रम में है। फलस्वरूप प्राप्त परिवाद के आलोक में AM Infratech से उनके द्वारा दर्शाये गए Existing Commitment के संदर्भ में संबंधित Employer से निर्गत अनुभव प्रमाण–पत्र की माँग की गई। AM Infratech द्वारा Existing Commitment से संबंधित प्रमाण–पत्र उपलब्ध कराया गया। इसके समीक्षोपरांत पाया गया कि |

| | | |
|---|---|---|
| | works कितना राशि का बचा हुआ है। | इनके द्वारा चार कार्यों का Existing Commitment का अनुभव प्रमाण– पत्र Kalpataru Projects International Limited द्वारा निर्गत है। Kalpataru Projects International Limited एक Private Company है। अतः इनके द्वारा Existing Commitment के संदर्भ में निर्गत प्रमाण–पत्र SBD के ITB Cl.-4.7 के आलोक में मान्य नहीं है।<br>परिवाद का यह बिन्दु मान्य है। |
| | (ii) निविदाकार A M Infratech के द्वारा जो अनुभव प्रमाण पत्र समर्पित किया गया है यह विभागीय पत्रांक–2863 दिनांक–07.06.2017 के विपरीत है। ज्ञात हो कि उपरोक्त पत्रांक में यह स्पष्ट उल्लेखित है कि कंडिका 4.5 A(b) के तहत अनुभव प्रमाण पत्र के Cut off हेतु निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि के पूर्वमाह के अंतिम तिथि को मान्य करने का निर्णय लिया गया है। | विभागीय पत्रांक–2863 दिनांक– 07.06.2017 द्वारा SBD के ITB Cl. 4.5 A (b) के तहत Similar Work का अनुभव प्रमाण–पत्र के Cut off हेतु निविदा प्राप्ति के अंतिम तिथि के पूर्व माह के अंतिम तिथि को मान्य करने का निर्णय लिया गया है। A M Infratech द्वारा Similar Work के लिए 1 (a) (i) में वर्णित IRQP कार्य का अनुभव प्रमाण– पत्र संलग्न किया गया है जिसके कार्य समाप्ति की तिथि 09.11.2024 है। अर्थात् यह कार्य वर्ष 2024–25 में ही समाप्त हो गया है।<br>अतः परिवाद का यह बिन्दु अप्रासंगिक एवं अमान्य है। |

<u>निष्कर्षः–</u> तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षोपरांत एवं सम्यक विचारोपरान्त M/s Ujjain Engicon India Private Limited. के पत्रांक–UESPL/RCD/2025/324 दिनांक–29.09.2025 एवं पत्रांक–UEIPL/RCD/2025/327 दिनांक–04.10.2025 द्वारा दिए गए परिवाद को उपरोक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में मान्य करते हुए उपभागीय ज्ञापांक–3142 दिनांक–27.09.2025 द्वारा संसूचित दिनांक 27.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की बैठक में लिये गये निर्णय को संशोधित करते हुए छः निविदाकारों में से दो निविदाकार यथा (1) M/s Ujjain Engicon India Private Limited एवं (2) Aditya Enterprises को तकनीकी बीड में सफल घोषित करने की अनुशंसा की जाती है। साथ ही, शेष चार निविदाकार (1) M/s A M Infratech को SBD के ITB Cl.- 4.5 A (b), 4.7 आलोक में (2) M/s Chanakya Technos Private Limited को SBD के ITB Cl.4-8 आलोक में (3) R K S Engicon Pvt. Ltd.- Jai Mata Di & Maa Sita Construction (JV) को विभागीय पत्रांक–8131(S)we, दिनांक–24.07.2012 के कंडिका–5.2 के आलोक में (4) M/s C K Infrastructures Limited को NIT के क्रमांक–14(a), 25 एवं SBD के ITB CL.-4.5 A (c) के आलोक में तकनीकी बीड में असफल घोषित करने हेतु अनुशंसा की जाती है।

7. <u>विभागीय निविदा समिति का निर्णयः</u>

7.1 मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक–3910(अनु0) दिनांक–30.12.2025 के माध्यम से निविदा की तकनीकी बीड में प्राप्त परिवाद/आपत्ति/अभ्यावेदन पर दिनांक–30.12.2025 को आहूत तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति की अनुशंसा के आधार पर सम्यक् विचारोपरान्त एवं समीक्षोपरान्त निम्नलिखित निर्णय लिये जाते हैः–

(i) विषयांकित कार्य की निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकार यथा **M/s Ujjain Engicon India Private Limited** के पत्रांक–**UEIPL/RCD/2025/324** दिनांक–29.09.2025 एवं पत्रांक–**UEIPL/RCD/2025/327** दिनांक–04.10.2025 द्वारा निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों यथा **(1) A M Infratech** एवं **(2) M/s Chanakya Technos Private Limited** के विरूद्ध दिए गए परिवाद को मान्य करते हुए निविदा के तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों यथा **(1) M/s A M Infratech** को **SBD** के **ITB Cl.- 4.5 A (b), 4.7 (2) M/s Chanakya Technos Private Limited** को **SBD** के **ITB Cl.4.8** के तहत् निविदा के तकनीकी बीड में असफल घोषित करने का निर्णय लिया जाता है।

(ii) उपभागीय ज्ञापांक–3142 दिनांक–27.09.2025 द्वारा संसूचित दिनांक–27.09.2025 को सम्पन्न तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के निर्णय को इस हद तक संशोधित समझा जाय।

(iii) विषयांकित कार्य के निविदा का वित्तीय बीड खोलकर शीघ्र विभागीय निविदा समिति के अनुमोदनार्थ उपस्थापित करने का निदेश मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को दिया जाय।

(iv) मुख्य अभियंता, उत्तर संबंधित परिवादी बीडर को समिति के निर्णय से अवगत कराना सुनिश्चित करेंगे।

7.2 विभागीय निविदा समिति की इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर भी डाली जाय।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 21/01/26 | 21/01/26 | 21/01/26 | |
| (मजीद अहमद)<br>आन्तरिक वित्तीय सलाहकार,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (अनिल कुमार सिंह)<br>मुख्य अभियंता,<br>उत्तर,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (उमाकान्त रजक)<br>अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। | (पंकज कुमार पाल)<br>सचिव,<br>पथ निर्माण विभाग,<br>बिहार, पटना। |

ज्ञापांकः प्र0–7/निविदा–03–01/2026 513(E) पटना, दिनांक 21/01/2026

**प्रतिलिपिः**– मुख्य अभियंता, उत्तर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना/मुख्य अभियंता (अनुश्रवण), पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित/आई०टी० मैनेजर, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

21/01/26
(उमाकान्त रजक)
अभियंता प्रमुख–सह–अपर आयुक्त–सह–विशेष सचिव (कार्य प्रबंधन),
पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना।

निर्गत शाखा
21/01/26